(13)

— प्रतिवेदन —

कार्यक्रम का नाम – राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

संयोजक विभाग – रसायनशास्त्र विभाग

कार्यक्रम का उद्देश्य – ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने व जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। ऊर्जा का संरक्षण कर ही हम अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं।

कार्यक्रम का सारांश – आज दिनांक 24-12-2026 को प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में श्रीमती शव्या पटेल (विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र) के मार्गदर्शन में तथा श्री अनिल गुप्ता, श्री अक्षय कुमार साहू एवं श्री पीताम्बर बाघ के नेतृत्व में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति चेतना विकसित करने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उपस्थित छात्र/छात्रा का नाम –

1. Kishan Yadav MSC IV sem. Kishan
2. TUSHAR BADHAI MSc (chem) IV sem Badhai
3. RASMITA PRADHAN MSc. (chem) IV sem. Rasmita
4. Garima Sahu MSc. IV (chem) Sahu
5. Akanshya Purohit MSC IV Akansh
6. Jamuna Rana MSc II sem Rana
7. Sneha Sand MSc II sem Ssand
8. Amrit Bariha MSc II sem Asariha
9. Kiran Sao MSc IV sem Kiran
10. Savitri Nishad M.Sc. IV sem Savitri
11. Aanchal Sand MSc IV sem Aanchal.
12. Suraj Kanher MSc II sem Suraj Kanher.

(विभागाध्यक्ष)
(रसायनशास्त्र)

PRINCIPAL
प्राचार्य
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Sarsiwa (C.G.)

C:\Users\Admin\Desktop\Suchna All Classes.docx

ऊर्जा संरक्षण से ही भविष्य सुरक्षित: प्राचार्य

पत्रिका **पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com



सरायपाली. स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर रसायन शास्त्र विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन व विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल के मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने कहा कि ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा यह दिवस ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने व जनजागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा का संरक्षण कर ही हम अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। अतः प्रत्येक नागरिक को ऊर्जा बचाने का संकल्प लेना चाहिए। विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने के उद्देश्य, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, ऊर्जा के विभिन्न प्रकारों व जलवायु परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऊर्जा संरक्षण से प्राकृतिक संतुलन बना रहता है तथा यह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करने और समाज में इसके प्रति जागरुकता फैलाने का आह्वान किया। विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति चेतना विकसित करने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ऊर्जा बचत से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए। शिक्षक अनिल गुप्ता सहित एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ ने किया व आभार प्रदर्शन अक्षय कुमार साहू ने किया।

विभागाध्यक्ष
(रसायनशास्त्र)

PRINCIPAL
प्राचार्य
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G)

Scanned with OKEN Scanner



राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम

सरायपाली। स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू, एवं पीतांबर बाघ के नेतृत्व में राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ भोई ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि 24 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विधेयक पारित हुआ था। यह दिवस उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। विभाग अध्यक्ष पटेल ने राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस के उद्देश्य, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उपभोक्ताओं के अधिकार पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे एवं रसायन शास्त्र विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विभागाध्यक्ष
(रसायन शास्त्र)

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner